अफवाहों पर न करे भरोसा, भाईचारे से मनाए त्योहार : अभिषेक अग्रवाल

पुलिस अधीक्षक ने अति संवेदनशील स्थलों पर पुलिस रखे कड़ी निगरानी

तेजयुग न्यूज

रायबरेली : आगामी लोकसभा चुनाव व त्यौहार को लेकर जिला अधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में बैठक की। इस दौरान डीएम ने कहा कि त्यौहारो को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना शरू हो गया है कुछ ही दिनों में होली का भी त्यौहार भी आ जायेगा।

इन सभी त्योहारों में किसी भी प्रकार की अशांति न फैलने पाए। मंदिर और मस्जिदो में व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए। आने जाने वाले रास्तो को भी ठीक कराया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चूंकि इसी बीच आदर्श आचार संहिता भी लग सकती है। इस बात का ध्यान रखा जाए कि त्योहारों को राजनीतिक रंग देने का प्रयास ना हो। जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। त्योहारों के समय बजने वाले संगीतो पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र संगीत का प्रयोग करता हुए ना मिले।

डीजे बजाने वाले संस्थाओं की सूची तैयार कर ले। कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम करते समय प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। उन्होंने ने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलने पाए। अराजक तत्त्वों पर नजर रखी जाए। अवैध शराब बनाने वालो पर आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करती रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर हर समय उपस्थित रहेगी। विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि त्यौहारो के बीच अनवरत विद्युत आपूर्ति होती रहे। खाद्य विभाग खाने पीने के सामानों की अभी से सेम्पलिंग करना शुरू कर दे। मिलावटी खाद्य सामग्री बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार भी कराया जाए। जिससे कि लोग मिलावटी खाने-पीने के सामान खरीदते समय सावधानी बरते।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सभी लोग शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाए। सभी थानों में पुलिस विभाग हर समय मुस्तैद रहे। अति संवेदनशील स्थलों को अभी से चिन्हित कर लिया जाए। त्यौहारो के बीच आचार संहिता का भी पालन करते रहे। उल्लंघन करने वालो पर गंभीर धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे। पिछले 10 वर्ष के आपराधिक मामले वाले व्यक्तियों की जांच पड़ताल कर ले। जिससे की किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोका जा सके। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यो के अतिरिक्त जनपद के सभी वरिष्ठ नागरिक, सभी धर्मो के धर्मावलम्बी और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पेनिनसुला विवि की डॉटर तस्लीम फातिमा का आमंत्रित व्यायान आयोजित

टी.बी. लाल

बलरामपुर: वनस्पति विज्ञान विभाग एमएलके पीजी कॉलेज में साउथ अफ्रीका के पेनिनसुला विश्वविद्यालय की डॉक्टर तस्लीम फातिमा का आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के चित्र पर कार्यक्रमाध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय, विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान विभाग प्रो अशोक कुमार, डॉ राजीव रंजन, डॉ राजन प्रताप सिंह विभागाध्यक्ष बीज प्रौद्योगिकी एवं सभी प्राध्यापकों ने पुष्पर्चन करके किया।

विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह व्याख्यान निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत यह विषय पाठ्यक्रम में भी सम्मिलित है। मुख्य वक्ता डॉक्टर तस्कीन फातिमा ने अपने व्याख्यान में औषधीय पौधों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पौधों से प्राप्त औषधीयाँ मानव सेहत के लिए अत्यंत सुरक्षित होती हैं। एक अन्य औषधीय पौधे रुईबोस के बारे में बताते हुए कहा की यह पौधा कैफ़ीन मुक्त चाय के रूप में प्रयोग किया जाता है जो तंत्रिका तंत्र तथा याददाश्त बढ़ाने में उपयोगी है।

कार्यक्रमाध्यक्ष प्रोफेसर जे पी पांडेय ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि पौधों से प्राप्त औषधीय का वर्णन प्राचीन चिकित्सा ग्रंथो जैसे चरक संहिता मैं भी मिलता है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आमंत्रित व्याख्यान विभागीय छात्र-छात्राओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान प्राचार्य ने आमंत्रित व्याख्याता डॉ तस्कीन फातिमा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। डॉ. मोहम्मद अकमल जी ने आमंत्रित व्याख्याता का परिचय देते हुए अंत में सभी के प्रति धन्यवाद व्यापित किया। इस कार्यक्रम में बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ अभिषेक सिंह ने तकनीकी सहायता प्रदान की तथा कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ शिव महेंद्र सिंह जी ने किया। इस व्याख्यान में डॉ आकांक्षा त्रिपाठी, श्री राहुल कुमार, डॉ कमलेश, श्रीमती मानसी पटेल, श्री राहुल कुमार यादव, श्री श्रवण कुमार, डॉ वीर प्रताप, डॉ अल्पना परमार, डॉ आर बी त्रिपाठी, अजय कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

एसप्रेस ट्रेन की ठहराव से क्षेत्रवासियो में खुशी की लहर

महराजगंज तराई (बलरामपुर) : कौवापुर रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव से क्षेत्रवासियो में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य अब्दुल हई, रिंकू वर्मा, मोहम्मद राशिद खान आदि लोगो ने बुधवार को कौवापुर में एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव पर ट्रेन के चालक को मिठाई खिला कर स्वागत किया। स्टेशन अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि कौवापुर रेलवे स्टेशन पर 15067 गोरखपुर से बांद्रा वाया कौवापुर बुधवार को 8.39 बजे आएगी।15068 शनिवार को बांद्रा से गोरखपुर वाया कौवापुर 10:52बजे जाएगी। साथ ही 11079 लोकमान्य तिलक टर्मिनस शुक्रवार को 19:11 बजे कौवापुर से जाएगी व 11080 शनिवार को कौवापुर 8:39 बजे आएगी।सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव कौवापुर रेलवे स्टेशन पर दो मिनट तक रहेगा।

रोजा इस्लाम का तीसरा (रूकुन) अरकान है : मौलाना फैयाज अहमद मिस्बाही

पंकज मिश्र

महराजगंज तराई (बलरामपुर) : रोजे को अरबी में सौम या सियाम कहते हैं। सौम के मायने रुक जाने के है। जब कोई मुसलमान रोजा रखता है तो वो दिन भर खाने पीने की चीजों से परहेज करता है। लेकिन रोजा महज खाने पीने से परहेज करने का नाम नहीं। बल्कि रोजेदार के जिस्म के तमाम आजा अंग का रोजा होता है। रमजान के रोजों की बहुत सी फजीलत हदीस पाक में आई है। कुछ चंद हदीस मुबारक पेस है।

कुछ चंद हदीस रमज़ान मुबारक के मुतालिक पेश है। ताकि और भी लोग रमज़ान की रोजे की अहमियत और फजीलत को समझ सके। सही बुखारी की हदीस है। सैयदना सुहेल रजिअल्लाहू तआला अनहु, मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से रिवायत करते हैं। की आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया। जन्नत में एक दरवाजा है जिसे रेयान कहते हैं। इस दरवाजे से कयामत के दिन सिर्फ रोजेदार ही दाखिल होंगे। उनके सिवा कोई भी इस दरवाजे से दाखिल ना होगा। कहा जाएगा रोजेदार कहा है? बस वो उठ खड़े होंगे, उनके सिवा कोई भी इस दरवाजे से दाखिल ना होगा। फिर जिस वक्त वो दाखिल हो जाएंगे तो दरवाजा बंद कर लिया जाएगा। इस दरवाजे से कोई दूसरा दाखिल न होगा।

संक्षिप्त समाचार

आदर्श नगर पालिका ने 5 वाटर कूलर बलरामपुर नगर को किया समर्पित

बलरामपुर। आदर्श नगरपालिका परिषद द्वारा स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत निःशुल्क शुद्ध जल आपूर्ति हेतु वाटर एटीएम वीर विनय चौराहे पर लगाया गया।बलरामपुर नगर वासियों को अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, पाटेश्वरी प्रसाद गुप्ता पट्टे भइया,गौरव मिश्र सहित सभासदों के साथ उद्घाटन कर बलरामपुर नगर वासियों को समर्पित किया। अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि वीर विनय चौराहे पर वाटर एटीएम व पांच स्थानों पर वाटर कूलर रानी तालाब, फराश खाना,गायत्री मंदिर झारखंडी मंदिर, सिटी पैलेस जनता को समर्पित कर दिया गया। भगवती गंज चौराहे पर वाटर कूलर निर्माणाधीन है। इस अवसर पर सुभाष पाठक, राघवेंद्र कांत सिंह मंटू, विनोद गिरी, नंदलाल तिवारी, मोइनुद्दीन, मोनू, संदीप मिश्रा, अक्षय शुक्ला, मनोज साहू, बंटी साहू, सिद्धार्थ साहू, चिंटू गुप्ता, मनोज यादव उपस्थित रहे।

समाजसेवी मदन लाल जायसवाल ने लोगों से भाजपा को जिताने की अपील की

पचपेड़वा (बलरामपुर) : विधानसभा गैंसडी के पचपेडवा क्षेत्र के थारू जनजाति गांव में समाजसेवी मदन लाल जायसवाल ने लाभार्थी जन संपर्क अभियान के तहत घर घर जाकर सरकार की योजनाओं के बारे में पत्रक वितरित किया। उन्होंने सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा को आगामी चुनाव में प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की। विधानसभा गैंसडी क्षेत्र के पचपेड़वा नेपाल सीमा पर थारू जनजाति गांव फोगही, एवं भौरीशाल मे मदन लाल जायसवाल के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता लाभार्थियों से घर घर जाकर सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दिया तथा आगामी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। इस अवसर पर संतोष चौधरी क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी, पल्टूराम थारू, राम लौटन थारू, अर्जुन कुमार थारू, अनुज चौधरी,राम किशुन चौधरी,शिव कुमार थारू, शिकारी चौधरी, खुशिहाल थारू, जग्गन थारू, सुभावमती शांति, सुमरती, शर्मी, आदि थारू समाज की महिला शक्ति उपस्थित रही।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत 29 कृषक परिवारों को मिलेगी आर्थिक सहायता

बलरामपुर : कृषक दुर्घटना बीमा के तहत किसान की मृत्यु/दिव्यांगता पर 5 लाख तक की सहायता तत्काल प्रदान किया जा सके इसके लिए प्राथमिकता के साथ डीएम अरविंद सिंह द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही हैं। इसके परिणाम स्वरुप जनपद के 29 कृषक परिवारों को एक करोड़ 37 लाख की आर्थिक सहायता मिलेगी। डीएम श्री सिंह ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसान या उनके परिजनों को किसी दफ्तर के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है,वह घर बैठे ऑनलाइन आवेदन वेब पोर्टल पर सकते हैं। उन्होंने कहा की पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों एवं उनके परिजनों को जल्द से जल्द सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

गिरिडीह सांसद द्वारा क्षेत्र वासियों के लिए सराहनीय पहल

बेरमो :गिरीडीह के लोकप्रिय सांसद माननीय चन्द्रप्रकाश चौधरी अपने लोकसभा क्षेत्र वासीयो के लिए ऐतिहासिक पहल किए। माननीय सांसद महोदय ने केंद्रीय रेल मंत्रालय अश्वनी वैष्णव जी को पत्र लिखकर अवगत कराया की बोकारो से वाराणसी वंदे भारत ट्रेन जाती थी बोकारो एंव कोडरमा में रुकती थी परंतु गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र वासियों के आग्रह पर पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर ठहराव के लिए रेलवे मंत्रालय को पत्र लिखा जो ऐतिहासिक पहल है। इसलिए माननीय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी , केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी एवं गिरिडीह सांसद माननीय चंद्र प्रकाश चौधरी को बहुत-बहुत धन्यवाद बधाई देने वालों में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव जयलाल महतो उर्फ जैली दा केंद्रीय सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सुरेश महतो, जिला संयुक्त सचिव अर्जुन महतो ,सांसद प्रतिनिधि भागीरथ महतो, नावाडीह उपाध्यक्ष जागरनाथ महतो सोनू चौधरी, महतो ,भोलमेन महतो, विजय ठाकुर टिंकू महतो मिडिया प्रभारी दिपक महतो, विरेन्द्र महतो आदि लोग शामिल हैं।

साइकिल सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तेजयुग न्यूज

लालगंज/रायबरेली : अक्सर दुर्घटना या एक्सीडेंट के दौरान मुकदमा बड़े वाहनों के खिलाफ ही दर्ज होता रहा है लेकिन कोतवाली लालगंज की ईमानदार व काबिल पुलिस ने एक एक्सीडेंट के दौरान बिना जांच पड़ताल किए ही मिली तहरीर के मुताबिक एक साइकिल सवार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस की इस ईमानदारी को लेकर चारों तरफ चर्चा का विषय है लोगों कहना है कि कोतवाली लालगंज पुलिस इस समय सरकार की मंशा

पर खरी उतर रही है वह अलग की बात है कि किसी मामले में पुलिस किसी दबाव में आ जाए चाहे वह मोटी रकम हो या फिर राजनीतिक दबाव।

बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर जाला निवासी श्रीमती पत्नी धुन्नी पासवान ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका पुत्र अखिलेश मोटर साइकिल से भट्ठे पर काम करने जा रहा था तभी उमरामऊ निवासी सुनील सिंह पुत्र महिपाल सिंह गांव के पास ही साइकिल लेकर उसके पुत्र की बाइक के सामने आ गया जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला का कहना है कि दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। वही लालगंज पुलिस ने बाइक चालक अखिलेश की मां श्रीमती की शिकायत पर साइकिल सवार सुनील सिंह के खिलाफ दुर्घटना की धाराओं में मामला पंजीकृत किया है ।मामले की जांच पड़ताल सब इंस्पेक्टर अवधेश यादव के द्वारा की जा रही है।

एसपी ने किया इंटरस्टेट चेकपोस्ट का निरीक्षण

तेजयुग न्यूज

पलामू : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक पलामू रिष्मा रमेशन ने मंगलवार को हरिहरगंज स्थित इंटरस्टेट चेकपोस्ट का औचक निरिक्षण किया। वहीं पलामू एसपी ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए चेकपोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे को हर हाल में दुरुस्त रखने के साथ ही बिहार से झारखण्ड में आने जाने वालों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्र में अवैध शराब, हथियार, अधिक मात्रा में सोने की कारोबार और राशि पर जांच के दौरान विशेष नजर रखने का निर्देश दिया । साथ ही चुनाव को प्रभावित करने वाले हर बिन्दुओं पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। बाद में पलामू एसपी ने थाने में विधि व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान छत्तरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआइ सोनू गुप्ता, एलबी हरिजन, एएसआई मनोज दास, दवेंद्र सिंह, संजय यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

चतरा: समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा रमेश घोलप के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति चतरा की बैठक की गई। जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति चतरा की त्रैमासिक बैठक में पिछले बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में कृषि क्षेत्र, एमएसएमई, सीडी रेशियो, एनपीए, मुद्रा लोन आदि पर चर्चा किया गया। वहीं कुछ बैंकों के प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर करते हुए निर्देश दिया गया कि दिए गए लक्ष्य को ससमय शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया जाय। उक्त बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक देवब्रत शर्मा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य पदाधिकारी तथा सभी बैंको के प्रबंधक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

जिला शिक्षा अधीक्षक से मिला प्रतिनिधिमंडल

तेजयुग न्यूज

मेदिनीनगर: झारखण्ड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिक्षक पलामू रणधीर कुजुर से संघ के महासचिव बलजीत कुमार सिंह एंव पलामू जिला सचिव ईश्वरी प्रसाद यादव के नेतृत्व में मिलकर झारखंड उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के बारे में अवगत कराया।पलामू जिला शिक्षा अधिक्षक द्वारा यह आश्वास्त किया गया है कि कोई भी प्रोन्नति नियम विरुद्ध नहीं दी जायगी एवं उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के आलोक में तत्काल प्रोन्नति का कार्य नहीं करते हुए न्यायालयीय आदेश की प्रतिक्षा होगी।विदित है कि झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा बाद संख्या 142 के अंतरिम आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि याचिकाकर्ता के विद्वान वकील द्वारा यह प्रस्तुत किया गया है कि विभाग नियमों में संशोधन किए बिना केवल पदोन्नति नियम, 1993 में प्रस्तावित संशोधन के आधार पर आगे बढ़ रहे हैं। उत्तरदाताओं को एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है। यह स्पष्ट कर दिया गया है कि दी गई कोई भी पदोन्नति इस मामले के परिणाम के अधीन होगी। यह अपेक्षा की जाती है कि प्राधिकरण उपलब्ध वैधानिक नियमों के अनुसार सख्ती से कार्य करेगा।प्रतिनिधि मंडल में झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अभिमन्यु कुमार, प्रदेश उप संगठन मंत्री राकेश रंजन पिंकु, प्रदेश संयुक्त सचिव ब्रजेश कुमार सिंह ने भी जिला शिक्षा अधिक्षक के सामने अपनी बात रखी।

असहाय लोगों की सेवा ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म : वाणी पांडेय

तेजयुग न्यूज

बेरमो:भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (रेल मंत्रालय का नवरत्न उपक्रम) सीएसआर गतिविधियो के अंतर्गत और साथ फाउंडेशन बोकारो द्वारा बुघवार को अनुमंडलीय अस्पताल फुसरो - बेरमो मे डिलिवरी मरीजो को प्रोटीन पावडर व फल फ्रुट वितरित किए। इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो के प्रभारी डा. एन पी सिंह ने अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर डा. गुप्ता ने कहा कि साथ फाउन्डेशन के द्वारा मरीजों को दी जाने वाली प्रोटीन पावडर और फल किट उनके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती है। इससे रोग से लड़ने की उनकी आंतरिक शक्ति में वृद्धि होगी और वे शीघ्र स्वस्थ हो जायेंगे। उन्होंने साथ फाउंडेशन को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया। साथ फाउंडेशन बोकारो के अध्यक्ष वाणी पांडेय और सचिव वारिजा प्रसाद ने बताया कि डिलीवरी मरीज सहित अन्य अस्पताल मे भर्ती करीब 100 मरीजो के बीच प्रोटीन पावडर और फल किट का वितरण किया गया। कहा कि हर माह के दूसरे सप्ताह मे इसी तरह के महिला प्रसव,जनरल वार्ड और उनके सेवको के बीच हेल्थ कीट और फल-फ्रुट वितरण किया जायेगा। कहा कि गरीबों एवं असहाय लोगों की सेवा ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। सेवा भावना के लिए ही साथ फाउंडेशन का गठन हुआ है और संगठन का मुख्य काम सेवा ही है। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर निशा कुमारी किरो, आशा चटर्जी, साधु शरण सिंह, सुनील मंडल, मृत्युंजय पांडेय, लालमोहन महतो, संजय प्रसाद, दीपक सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

जहर खाकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या की

कोडरमा: कोडरमा थाना क्षेत्र के कोलटेक्स के समीप बुधवार को एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रामेश्वर यादव (उम्र 68 वर्ष, पिता स्व गंदौरी यादव) के रूप में हुई है। सदर अस्पताल कोडरमा में मृतक के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात उनके घर में कुछ विवाद हुआ था। जिसके बाद रामेश्वर यादव ने बुधवार की अहले सुबह करीब 3 बजे जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। रामेश्वर यादव के द्वारा जहर खाने की जानकारी मिलने के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान बुधवार को रामेश्वर यादव की मौत हो गई।

जिला परिषद खुशबू ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

तेजयुग न्यूज

बेरमो /उपरघाट :नावाडीह प्रखंड के उपरघाट पेंक पंचायत के ग्राम कडरूखुटा में 15वी वित्त आयोग से जिला परिषद मद से प्रयाग महतो के घर से पुराना पीसीसी तक 500 फिट पीसीसी पथ निर्माण का शुभ शिलान्यास जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जीप सदस्य कुमारी खुशबू महतो ने कहा कि उपरघाट को विकास की ओर ले जाना मेरी पहली प्रथमिकता है। हम वँहा योजना दे रहे है जँहा आजतक कोई योजना नही मिला है। इस मौके पर पूर्व जीप सदस्य सह आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य टिकैत कुमार महतो समाजसेवी जयनन्दन महतो शिक्षक गुलाब महतो नारायण महतो संवेदक शरीफ अंसारी युवा समाजसेवी दिनेश कुमार महतो, शलेश कुमार, सुनीता देवी, कौशल्य देवी आदि लोग उपस्थित थे।